JALAUN POLICE

दिनांक – 28.10.2026

आईजीआरएस पोर्टल एवं सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद जालौन पुलिस का प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन

आईजीआरएस जनसुनवाई पोर्टल पर प्रदेश में लगातार प्रथम स्थान (जनवरी 2026 से सितम्बर 2026)
सीएम डैशबोर्ड (कानून व्यवस्था व महिला अपराध निस्तारण) में प्रदेश में द्वितीय स्थान

जनपद जालौन पुलिस ने आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा महिला सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनपद पुलिस द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आईजीआरएस पोर्टल और सीएम डैशबोर्ड की मासिक रैंकिंग (जनवरी 2026 से सितम्बर 2026 तक) में जनपद जालौन ने संपूर्ण उत्तर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त कर एक मिसाल कायम की है।

प्रमुख उपलब्धियां एवं आंकड़े:-

1. आईजीआरएस (जनसुनवाई पोर्टल) - प्रदेश में प्रथम स्थान

कुल प्राप्त संदर्भ: 73,517
सफलतापूर्वक निस्तारित संदर्भ: 73,064
लंबित/प्रक्रियाधीन संदर्भ: 453
संतुष्ट फीडबैक दर: लगभग 94.57%

विशेष:- शिकायतकर्ताओं से प्राप्त 94.57% संतुष्ट फीडबैक तथा शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कारण जनपद जालौन पुलिस को जनवरी 2026 से सितम्बर 2026 तक लगातार प्रदेश में *'प्रथम स्थान'* प्राप्त हुआ है।

2. सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग - प्रदेश में द्वितीय स्थान

कानून व्यवस्था एवं महिला सुरक्षा:- कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने एवं महिला संबंधी अपराधों के संदर्भों/शिकायतों का 100% (शत-प्रतिशत) निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

प्रभावी पैरवी एवं सजा दिलाना:- माननीय न्यायालयों में विचाराधीन गंभीर अपराधों के प्रकरणों में पुलिस द्वारा की गई प्रभावी पैरवी (Effective Prosecution) के परिणामस्वरूप दोषियों को अधिक से अधिक एवं कठोरतम सजा दिलाकर मामलों का त्वरित निस्तारण कराया गया।

विशेष:- इन उत्कृष्ट कार्यों के बल पर जनपद जालौन ने सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में भी जनवरी 2026 से सितम्बर 2026 तक लगातार प्रदेश में द्वितीय स्थान बनाए रखा है।

पुलिस अधीक्षक, जनपद जालौन का संदेश:-

"जनपद जालौन पुलिस जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आईजीआरएस जनसुनवाई पोर्टल पर 94.57% आवेदकों का संतुष्ट होना हमारी टीम की निष्ठा और मेहनत का प्रमाण है। इसके साथ ही, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और माननीय न्यायालयों में प्रभावी पैरवी के माध्यम से अपराधियों को सजा दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और रहेगी।"